भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद
INDIAN COUNCIL OF AGRICULTURAL RESEARCH
कृषि भवन, डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद मार्ग, नई दिल्ली–110 001
Krishi Bhawan, Dr. Rajendra Prasad Road, New Delhi 110 001

फा0सं0रा0भा0 7(3)/2015–हिन्दी                                                    दिनांक 24 अप्रैल, 2015

## परिपत्र

विषयः– राजभाषा संबंधी कार्यों के लिए हिन्दी पदों का सृजन तथा उनसे राजभाषा हिन्दी का कार्य कराने के संबंध में

उपर्युक्त विषय में यह उल्लेख है कि राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा केन्द्रीय सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों तथा उनके संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों में हिन्दी के पदों का सृजन किया गया है। इन पदों के सृजन का मुख्य उद्देश्य/संबंधित कार्यालयों में राजभाषा नीति का कार्यान्वयन तथा राजभाषा अधिनियम और उनके अंतर्गत बनाए गए नियमों के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करना है।

संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उप समिति भी परिषद के अधीनस्थ संस्थानों आदि का निरीक्षण करती है तो अपेक्षित हिन्दी पदों के सृजन पर जोर देती है। परिषद के कुछ संस्थानों में जहां हिन्दी के पद नहीं हैं वहां पर हिन्दी पदों के सृजन हेतु अपेक्षित कार्रवाई की जा रही है तथा हिन्दी संबंधी कार्यों को सम्पन्न करने हेतु अन्य अधिकारियों/कार्मिकों को हिन्दी का कार्य सौंपा गया है। परन्तु कुछ संस्थानों के राजभाषा संबंधी निरीक्षणों के दौरान यह बात सामने आई है कि संस्थानों में हिन्दी पदों पर कार्यरत अधिकारियों/कार्मिकों से हिन्दी का कार्य न कराकर उन्हें अन्य विषयों से संबंधित कार्य भी सौंपे गए हैं। यह राजभाषा संबंधी प्रावधानों का उल्लंघन है।

राजभाषा विभाग द्वारा जारी आदेशों के अनुसार हिन्दी अधिकारी/अनुवादक से केवल अनुवाद तथा राजभाषा के कार्यान्वयन का ही काम लिया जाए जिसके लिए वे पद स्वीकृत किये गए हैं।

अतः आप सुनिश्चित करें कि आपके यहां कार्यरत हिन्दी अधिकारी/कर्मचारी से केवल हिन्दी का ही कार्य लिया जा रहा है तथा उन्हें कोई अन्य कार्य नहीं सौंपा गया है।

(हरीश चन्द्र जोशी) 24.4.15
निदेशक (राजभाषा)

वितरणः

1. भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अधीनस्थ सभी संस्थनों/निदेशालयों/ब्यूरो/केन्द्रों के निदेशक
2. भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के सभी उप महानिदेशक को इस अनुरोध के साथ प्रेषित की वे अपने–अपने अधीनस्थ संस्थानों में इसका अनुपालन सुनिश्चित करायें।
3. गार्ड फाइल।

**भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद**
**INDIAN COUNCIL OF AGRICULTURAL RESEARCH**
**कृषि भवन, डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद मार्ग, नई दिल्ली–110 001**
**Krishi Bhawan, Dr. Rajendra Prasad Road, New Delhi 110 001**

फा0सं0 रा0भा0 7(3)/2015–हिन्दी                                                                 दिनांक : 27 अप्रैल, 2015

# <u>परिपत्र</u>

विषय : भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के संस्थानों की वेबसाइट पर हिन्दी सामग्री अपलोड करने के संबंध में

ऐसा देखा गया है कि परिषद के संस्थानों द्वारा वेबसाइट पर अपलोड किए गए हिन्दी अनुवाद में कई त्रुटियां होती हैं। अनुदित शब्दों का चयन और वाक्य विन्यास ठीक नहीं होता है और कई अंग्रेजी शब्दों का हिन्दी अनुवाद भी गलत अर्थ देता प्रतीत होता है। ऐसा लगता है कि अनुवाद गुगल से लेकर वेबसाइट पर डाल दिया गया है।

अत: आप सभी को यह निर्देश दिया जाता है कि भविष्य में अपने संस्थान की हिन्दी वेबसाइट पर किसी भी सामग्री को अपलोड करने से पहले उसकी भाषा व व्याकरण की दृष्टि से जांच अवश्य कर लें ताकि उनमें कोई त्रुटि न रह जाए तथा परिषद को किसी अप्रिय स्थिति का सामना न करना पड़े।

एस. अय्यप्पन

(एस. अय्यप्पन)
महानिदेशक

वितरण : 1. भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अधीनस्थ सभी संस्थानों/निदेशालयों/ब्यूरो/केन्द्रों के निदेशक।
2. भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के सभी अधिकारियों/अनुभागों को सूचनार्थ प्रेषित। जिसमें कृषि अनुसंधान भवन I और II भी शामिल है।

letter new 1